सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 अग्रहायण 13, गुरुवार, शाके 1947–दिसम्बर 4, 2025 अंक 36
Vol. 77 Agrahayana 13, Thursday, Saka 1947–December 4 , 2025 No. 36

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, पपुड़ी पत्नी श्री बुधा राम निवासी जाटों का बास, बासनी हरिसिंह तहसील भोपालगढ़ जिला जोधपुर– राजस्थान स्टेट वाली शपथपूर्वक बयान करती हूं कि :–

1. यह है कि मैं उक्त पत्ते पर निवास करती हूं। मेरी पुत्री मुमल चौधरी (MUMAL CHOUDHARY) के दस्तावेजों में माता का नाम गोदनामा से पहले सुशीला (SUSHILA) दर्ज किया गया है।
2. यह है कि मेरा रजिस्टर्ड गोदनामा (दतक लेख) दिनांक 29.07.2025 को निष्पादित हुआ, जो उप पंजीयक कार्यालय नागौर में दिनांक 29.07.2025 को पुस्तक संख्या 4 जिल्द संख्या 36 में पेज संख्या 172 क्रम संख्या 202503099400326 पर पंजीबद्ध किया गया जिसके जरिये मेरी पुत्री मुमल चौधरी (MUMAL CHOUDHARY) के समस्त दस्तावेजों में माता का नाम पपुड़ी (PAPUDI) दर्ज करवाना चाहती हूं जो कि मेरा सही व वास्तविक नाम है।
3. यह है कि अब मुझे भविष्य में पपुड़ी (PAPUDI) के नाम से जाना व पहचाना जावें।
4. यह है कि इस नाम परिवर्तन के शपथ पत्र को राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित गजट में प्रकाशित करवाना चाहती हूं इस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं। अगर भविष्य में में मेरे नाम बाबत् किसी प्रकार का कोई वाद विवाद होता है तो इस बाबत् समस्त प्रकार की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व रहेगी।

पपुड़ी
हस्ताक्षर

तस्दीक

मैं शपथग्रहीता शपथपूर्वक तस्दीक करती हूं कि उक्त शपथ–पत्र में वर्णित तमाम तथ्य सही व सत्य है। ईश्वर मेरा साक्षी है। इति दिनांक 13.10.2025

पपुड़ी
हस्ताक्षर

SIGNED AND SWORN BEFORE ME
HENCE VERIFIED ATTESTED
BHANWAR LAL
13-10-2025
NOTARY
NAGAUR (RAJ.).
23604

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।